TITLE: Request to re-set up Kendriya Vidyalaya in Auraiya District in Uttar Pradesh.

डॉ. रामशंकर कठेरिया (इटावा): माननीय सभापति महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र इटावा में ओरैया जनपद है । उस ओरैया जनपद से बिल्कुल लगा हुआ दिव्यापुर कस्बा है । वहां 80 के दशक में एनटीपीसी और गेल, बड़े संस्थानों द्वारा प्रोजेक्ट स्थापित किए गए । जिसमें हजारों की संख्या में कर्मचारी काम कर रहे हैं । उसी परिप्रेक्ष्य में दिव्यापुर में एक केन्द्रीय विद्यालय खोला गया और केन्द्रीय विद्यालय वहां तब से संचालित है । अभी दो साल से एनटीपीसी के द्वारा संचालित केन्द्रीय विद्यालय के बारे में उन्होंने कहा कि आर्थिक कारणों से मैं इस विद्यालय को संचालित नहीं कर सकता हूं । उन्होंने आर्थिक रूप से असमर्थता व्यक्त की है ।

महोदय, उसमें पूरे क्षेत्र के बच्चे पढ़ते हैं। वहां एनटीपीसी के कर्मचारी पढ़ते हैं। मैं माननीय शिक्षा मंत्री जी से आपके माध्यम से अनुरोध करता हूं कि सरकार की जो मंशा है कि हर जनपद में एक केन्द्रीय विद्यालय स्थापित किया जाए, उसी के तहत ओरैया जनपद में जो केन्द्रीय विद्यालय लंबे समय से संचालित है, उसको बंद न करके, उस विद्यालय को विधिवत रूप से संचालित किया जाए। ओरैया प्रशासन ने वहां पर इस केन्द्रीय विद्यालय के लिए जमीन उपलब्ध करा रखी है।

मेरा शिक्षा मंत्री जी से आपके माध्यम से अनुरोध है कि उस केन्द्रीय विद्यालय को अपने अधीन लेकर उसको पुन: बनवा कर विधिवत रूप से केन्द्रीय विद्यालय संचालित हो। यह विशेष मांग है । बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, बड़ी संख्या में माननीय सदस्य अपने सब्मिशंस देना चाहते हैं, इसलिए आप लोग एक मिनट में अपनी बात समाप्त करने का कष्ट करें।